उद्यान विभाग
श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर

क्रमांकः उद्यान/श्रीकनकृमवि/2025/885 दिनांक 02/05/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के उद्यान फार्म पर 35 लेसवा के पेडों के फलों की खुली बोली द्वारा नीलामी की जायेगी। अतः जो भी सज्जन लेसवा के फलों की बोली लगाकर लेना चाहे वो दिनांक 05.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे उद्यान फार्म, जोबनेर पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं।

<u>खुली बोली नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार होंगी</u>

1. बोली छूटने के बाद 1/4 हिस्सा राशि उसी समय जमा करवानी होगी व बाकी पूर्ण राशि जमा करवाने के पश्चात् ही लेसवा फलों को तोड़ सकेगा।
2. लेसवा फलों को तोड़ने की अवधि बोली छूटने से दो माह तक की होगी।
3. लेसवा के बगीचे की रखवाली व फलों की तुडाई का कार्य ठेकेदार का होगा।
4. फलों को पेडों से सावधानी से तोडना होगा जिससे पेडों को नुकसान नहीं पहुंचे।
5. ठेकेदार द्वारा कार्य पर लगाये गये समस्त व्यक्तियों के नाम व पते पहचान आदि की सूचना फार्म कार्यालय पर देनी होगी।
6. ठेकेदार द्वारा वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोग हेतु लेसवा फल बाजार भाव पर समय--समय पर उपलब्ध करवाने होंगे।
7. ठेकेदार तय समय में रकम जमा नहीं करवाता है तो उसके द्वारा जमा राशि जब्त कर ठेका रद्द कर दिया जायेगा।
8. किसी भी तरह का विवाद ठेका निपटारे हेतु श्रीमान अधिष्ठाता, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। उनका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
9. नीलामी में बोली लगाने वाले व्यक्ति का बैंक में खाता होना आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष
उद्यान विभाग

प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, ज़ोबनेर
2. श्रीमान अधिष्ठाता, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर
3. श्रीमान आहरण एवं वितरण अधिकारी, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर
4. प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर अनुरोध है कि उक्त को विश्वविद्यालय पोर्टल पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।
5. श्रीमान संयोज़क/सदस्य, निविदा समिति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर
6. नोटिस बोर्ड, नगरपालिका, जोबनेर, ग्राम पंचायत जोरपुरा जोबनेर, बोबास, ढाणी बोराज, गुढा बेरसल
7. रक्षित पत्रावली

विभागाध्यक्ष
उद्यान विभाग